# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज

# बिजनौर–(उ0प्र0)

## <u>प्रशासकीय परिषद की चतुर्थ बैठक का</u>

## <u>कार्यवृत्त</u>

- **बैठक संख्या** — **चतुर्थ**
- **दिनांक** — **30 अप्रैल, 2019**
- **समय** — **01:00 बजे (अपराह्न)**
- **स्थान** — **राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, चाँदपुर, बिजनौर।**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की चतुर्थ बैठक दिनांक 30.04.2019 अपराह्न 01:00 बजे, मा0 अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीयिरिंग कालेज, बिजनौर की अध्यक्षता में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, चाँदपुर, बिजनौर के कमेटी रूम में सम्पन्न हुई।

प्रशासकीय परिषद की चतुर्थ बैठक में उपस्थित मा0 अध्यक्ष महोदय, मा0 उपाध्यक्ष महोदय एवं समस्त सम्मानीय सदस्यगण –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री कुलदीप जैन,<br>माननीय अध्यक्ष महोदय,<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>बिजनौर। | **अध्यक्ष** |
| 2 | मा0 श्री डी.एम. सिंह<br>संयुक्त निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>पश्चिमी क्षेत्र, मेरठ। | **उपाध्यक्ष (नामित)** |
| 3 | प्रो. विरेन्द्र पाठक,<br>निदेशक,<br>यू.पी.आई.डी.,<br>नोएडा। | **सदस्य<br>(कुलपति, नामित)** |
| 4 | मा0 प्रो. एफ. आर. खान,<br>प्रभारी अपर निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>कानपुर। | **सदस्य<br>(निदेशक, प्रा.शि.नि. नामित)** |
| 5 | श्री कमलेश कुमार रावत,<br>अपर निदेशक,<br>कोषागार एवं पेंशन,<br>मुरादाबाद मण्डल,,<br>मुरादाबाद। | **सदस्य<br>(वित्त विभाग, नामित)** |

6 डा0 डी0बी0 शाक्यवार जी, **सदस्य**
वरिष्ठ वैज्ञानिक,
आई0सी0ए0आर–सी0एस0डब्लू0आर0आई0,
अविकानगर, जयपुर।

7 प्रो0 बी0के0त्रिपाठी **सदस्य सचिव**
निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,
बिजनौर।

<u>अपिहार्यकारणवश निम्न मा0 सदस्यगण उपस्थित नही हुये–</u>

1 निदेशक, **सदस्य**
आई0आई0टी,
कानपुर।

2 निदेशक, **सदस्य**
आई0आई0टी,
रूड़की।

3 प्रो0 के0 एस0 वर्मा, **सदस्य**
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,
के0एन0आई0टी0,
सुल्तानपुर।

4 प्रो0 एस0 पी0 पाण्डेय, **सदस्य**
निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,
आजमगढ़।

5 प्रो0 भीम सिंह, **सदस्य**
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,
आई0 आई0 टी0,
दिल्ली।

6 श्री राकेश कुमार, **सदस्य**
अधीक्षण अभियन्ता,
उत्तर प्रदेश इरीगेशन विभाग,
लखनऊ।

7 प्रो0 नवीन गर्ग, **सदस्य**
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग,
आई0आई0टी0,
दिल्ली।

8 प्रो0 वी0के0 गांधी, **सदस्य**
मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग,
आई0आई0टी0,
रूड़की।

9 इंजी0 अनिल अग्रवाल, **सदस्य**
के0एफ0–9, कवि नगर,
गाजियाबाद।

**कार्यवाही:**

प्रशासकीय परिषद की यह बैठक माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, के निर्देश पर आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने माननीय अध्यक्ष महोदय एवं प्रशासकीय परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत करने के उपरान्त कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त की एवं तत्पश्चात् एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**04.01 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद की तृतीय बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति परिषद द्वारा अवलोकन के उपरान्त परिषद द्वारा कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। पुष्टि के उपरान्त प्रशासकीय परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

**04.02 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न तृतीय बैठक में निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत कराया। कृत कार्यवाही पर माननीय परिषद द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

**04.03 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न तृतीय बैठक के बाद संस्थान में हुये विकास कार्यो एवं अन्य शैक्षिक क्रिया–कलापों से परिषद को अवगत कराना ।**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न तृतीय बैठक के बाद संस्थान में हुये विकास कार्यो, शैक्षिक एवं अन्य क्रिया–कलापों से परिषद अवगत हुई। समस्त भौतिक प्रगति पर माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यगणों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। निर्माण, मेन्टीनेन्स, शैक्षिक क्रिया कलापों, सेवायोजन एवं छात्रवृत्ति वितरण के कार्यो से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी। परिषद वित्त समिति 2018–19 के निर्णयों (आय–व्ययक) से अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया।

**04.04 संस्थान में एक शिक्षक द्वारा इस्तीफा देने की सूचना व औपचारिक अनुमोदन।**

श्री रचित कुमार, सहायक आचार्य, सिविल अभियंत्रण विभाग का अन्यत्र स्थान पर नियुक्ति होने के कारण संस्थान से त्याग पत्र देने से परिषद अवगत होते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04.05 डा0 ए० पी0जे अव्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा वित्तपोषित दीनदयाल उपाध्याय क्वालिटी इन्प्रूवमेन्ट प्रोग्रम के अंतर्गत हार्ड एवं साफ्ट कम्पोनेन्ट में किये जाने वाले क्रय, सेवायें लिये जाने एवं निर्माण कार्य इत्यादि के सम्बन्ध में अवगत कराने तथा अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

डी.डी.यू.–क्यू.आई.पी. परियोजना के अर्न्तगत विश्वविद्यालय ने हार्ड कम्पोनेन्ट में रू0 524.00 लाख के प्रस्ताव (मल्टी परपज हाल, चाहरदीवरी सुदृढ़ीकरण, कैम्पस वाइड नेटर्वकिंग एवं फर्नीचर टीचिंग एंड लर्निग रिसोर्सेस) पर सौद्धान्तिक सहमति प्रदान करने से परिषद अवगत हुयी।



Rc

संस्थान के सभी शिक्षकों ने दिनांक 28.04.2019 को अपने संयुक्त प्रत्यावेदन में संस्थान की बाउन्ड्री वाल के सुदृढ़ीकरण व सम्पूर्ण परिसर को सी.सी.टी.वी कैमरे से अच्छादित करने की माँग किये जाने से परिषद अवगत हुयी।

साफ्ट कम्पोनेन्ट के अन्र्तगत दिये गये विभिन्न प्रस्तावों का संस्थान के डी.डी.यू.–क्यू.आई.पी. समिति द्वारा संकलन कर संशोधित प्रस्ताव (सी.सी.टी.वी., आई.ओ.टी. लैब, प्लेसमेन्ट कन्सलटेन्ट, कम्प्यूटर 40 पीस, ई.बुक, ई–जनरल, टी एन पी कम्पनी एण्ड ई.आर.पी एवं मैट लैब एवं लैब बीयू साफ्टवेयर) ए0के0टी0यू0, लखनऊ को दिनांक 08.04.2019 को रू0 335.00 लाख अग्रिम कार्यवाही हेतु संदर्भित किये जाने पर परिषद अवगत हुयी।

परिषद उपरोक्त वास्तुस्थिति से अवगत होते हुये तथा डी.डी.यू.–क्यू.आई.पी में हार्ड एवं साफ्ट कम्पोनेन्ट में किये जाने वाले क्रय, सेवायें लिये जाने एवं निर्माण कार्य इत्यादि में दिये गये प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

**04.06 टेक्विप–तृतीय के अंतर्गत किये गये व्यय, भेजी गयी तिमाही कार्य योजना एवं अन्य गतिविधियों की सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

TEQIP-III परियोजना का सकुशल संचालन राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बिजनौर में चल रहा है जिसके अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों **(बिन्दु संख्या 04.06.01, 04.06.02 (04.06.02.01, 04.06.02.02, 04.06.02.03 एवं 04.06.02.04), 04.06.03, 04.06.04, 04.06.05, 04.06.06, 04.06.07 तथा 04.06.08)** से परिषद अवगत होते हुए समस्त बिन्दुओं पर कार्योत्तर स्वीकृति की तथा औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**04.07 संस्थान में संचालित परियोजना टेक्विप–तृतीय से संभावित नये कार्यो (प्रोक्योरमेन्ट एण्ड ऐकेडमिक गतिविधियाँ) पर विचार एवं अनुमोदन।**

संस्थान संचालित परियोजना टेक्विप–तृतीय से संभावित नये कार्यो (प्रोक्योरमेन्ट एण्ड ऐकेडमिक गतिविधियाँ) हेतु संस्थान के शिक्षकों/अनुभाग प्रभारियों/विभागाध्यक्षों द्वारा दिये गये विभिन्न प्रस्तावों से परिषद अवगत होते हुये अनुमोदन प्रदान किया।

**04.08 संस्थान के विद्युत अभियंत्रण विभाग के विजन एवं मिशन का अनुमोदन।**

संस्थान के विद्युत अभियंत्रण विभाग के लिये एन.बी.ए. समन्वयक द्वारा प्रस्तावित विजन एवं मिशन स्टेटमेन्ट से परिषद अवगत होते हुए औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**04.09 शिक्षकों की सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत डी.डी के तीन माह के अन्दर बैंको से क्लीयर न कराने के सम्बन्ध में**

आर.ई.सी., बिजनौर में शैक्षिक पदों के हेतु जारी विज्ञापन {Advt. No. 01/Advt./REC/2016; 27.10-2016 (Off-Line Mode) अन्तिम तिथि 26.11.2016} एवं विज्ञापन संख्या {Advt. No. 2/Advt./REC/2016; 06.05-2017 (On-Line Mode) अन्तिम तिथि 07.06.2017} के डिमान्ड डाफ्ट अधिकतम वैधता तिथि (प्रथम सप्ताह, सितम्बर 2017) तक क्लीयर न कराकर संस्थान खाते में जमा किये जाने विषयक प्रकरण में, वर्तमान निदेशक द्वारा गठित समिति की दि. 27.06.2018 व दि. 25.07.2018 की रिर्पोट एवं उस पर कुलसचिव की दिनांक 27.04.2019 को प्रस्तुत आख्या से परिषद अवगत हुयी एवं सम्वयक विचारोपरान्त परिषद ने वित समिति के निर्देश के क्रम दोषी के निर्धारण हेतु निम्न दिशा निर्देश दिये–

**अ.** संस्थान के बैक खाते (डी.डी. प्रकरण, शिक्षक भर्ती), में जमा डी.डी. के रिकार्ड का रिकाउन्सिलेशन (Reconciliation) कराकर रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

**ब.** निम्न समिति का गठन कर प्रकरण पर रिर्पोट देने के निर्देश दिये–

1. डा. डी.बी. शाक्यवार — सदस्य, बी.ओ.जी. आर.ई.सी., बिजनौर।
2. डा. बी.के. त्रिपाठी — निदेशक, आर.ई.सी, बिजनौर।
3. श्री सलिल शर्मा — पूर्व प्रधानाचार्य, राजकीय पालीटेक्निक, बिजनौर।

**अन्त में बैठक मा0 अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।**

30/4/19

(प्रो0 बी0के0 त्रिपाठी)
निदेशक एवं सदस्य सचिव,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर।

(श्री कुलदीप जैन)
अध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,बिजनौर।